Seat No. : _______________

# MD-201(H)

**May-2025**

**B.Com., Sem.-II**

**106 : Economics**

**(Principles of Economics-II)**

**(Old)**

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

1. स्थिर लागत एवं परिवर्तनशील लागत की संकल्पना का वर्णन कीजिए। **14**

**अथवा**

1. एकाधिकारी बाज़ार में औसत आय और सीमांत आय की संकल्पनाओं का वर्णन कीजिए। **14**

2. पूर्ण प्रतिस्पर्धा क्या है ? पूर्ण प्रतिस्पर्धा की लाक्षणिकताओं का वर्णन कीजिए। **14**

**अथवा**

2. पूर्ण प्रतिस्पर्धा के अंतर्गत फर्म का दीर्घकालिक संतुलन समझाइए। **14**

3. एकाधिकृत प्रतिस्पर्धात्मक बाज़ार की लाक्षणिकताओं का वर्णन कीजिए। **14**

**अथवा**

3. एकाधिकार के अंतर्गत कीमत निर्धारण प्रक्रिया का वर्णन कीजिए। **14**

4. वितरण के सीमांत उत्पादकता सिद्धांत का वर्णन कीजिए। **14**

**अथवा**

4. किराए के आधुनिक सिद्धांत का वर्णन कीजिए। **14**

5. बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (**12** में से कोई **7**) **14**

(1) कुल परिवर्तनशील लागत वक्र का स्वरूप कैसा होता है ?

(a) ऋणात्मक ढाल वाला (b) धनात्मक ढाल वाला

(c) $x$-अक्ष के समानांतर (d) y-अक्ष के समानांतर

(2) कुल उत्पादन लागत ÷ उत्पादन की इकाइयाँ = __________.

(a) औसत स्थिर लागत (b) औसत परिवर्तनशील लागत

(c) औसत लागत (d) सीमांत लागत

(3) औसत आय एवं सीमांत आय किस बाज़ार में समान होती हैं ?

(a) एकाधिकृत प्रतिस्पर्धात्मक (b) पूर्ण प्रतिस्पर्धा

(c) एकाधिकारी (d) अल्पाधिकारी

(4) निम्न में से किस बाज़ार में बेचा गया माल समरूपीय होता है ?

(a) एकाधिकृत प्रतिस्पर्धात्मक (b) एकाधिकारी

(c) अल्पाधिकारी (d) पूर्ण प्रतिस्पर्धा

(5) पूर्ण प्रतिस्पर्धात्मक बाज़ार में विक्रेताओं की संख्या कितनी होती है ?

(a) सीमित (b) असीमित (c) एक (d) अल्प

(6) निम्न में से किस बाज़ार में फर्म एक कीमत स्वीकार करने वाले के रूप में कार्य करती है ?

(a) एकाधिकारी (b) एकाधिकृत प्रतिस्पर्धात्मक

(c) पूर्ण प्रतिस्पर्धात्मक (d) अल्पाधिकारी

(7) एकाधिकारी बाज़ार में विक्रेताओं की संख्या कितनी होती है ?

(a) एक (b) अल्प (c) असंख्य (d) असीमित

(8) निम्न में से किस बाज़ार में विक्रय लागत आवश्यक है ?

(a) पूर्ण प्रतिस्पर्धा (b) एकाधिकारी

(c) एकाधिकृत प्रतिस्पर्धा (d) शुद्ध प्रतिस्पर्धा

(9) एकाधिकृत प्रतिस्पर्धा में माँग वक्र कैसा होता है ?

(a) धनात्मक ढाल वाला (b) ऋणात्मक ढाल वाला

(c) विकुंचित (d) क्षैतिज अक्ष के समानांतर

(10) साधन की आपूर्ति कैसी होनी चाहिए कि साधन का मूल्य किराए के समान हो जाए ?

(a) पूर्ण लोचशील (b) पूर्ण बेलोच

(c) मूल्य लोचशील (d) मूल्य बेलोच

(11) रिकार्डो के अनुसार किस भूमि का किराया मिलता है ?

(a) पूर्ण सीमांत (b) सीमांत (c) उपजाऊ (d) सभी

(12) वितरण के सीमांत उत्पादकता सिद्धांत द्वारा कौन सा आय वितरण समझाया जाता है ?

(a) प्रति साधन (b) प्रति वर्ग (c) प्रति व्यक्ति (d) प्रति समूह

---

Seat No. : _______________

# MD-201(H)

**May-2025**

**B.Com., Sem.-II**

**106 : Economics**

**(Micro Economics-II)**

**(New)**

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

1. पूर्ण प्रतिस्पर्धा क्या है ? पूर्ण प्रतिस्पर्धात्मक बाज़ार में फर्म के लघुकालिक संतुलन का वर्णन कीजिए । **14**

**अथवा**

1. पूर्ण प्रतिस्पर्धा में औसत आय एवं सीमांत आय की संकल्पनाओं का वर्णन कीजिए । **14**

2. एकाधिकार क्या है ? एकाधिकार के अंतर्गत कीमत निर्धारण प्रक्रिया का वर्णन कीजिए । **14**

**अथवा**

2. कीमत विभेद क्या है ? कब कीमत विभेद संभव एवं लाभप्रद होता है ? **14**

3. एकाधिकृत प्रतिस्पर्धा में सामूहक संतुलन की संकल्पना का वर्णन कीजिए । **14**

**अथवा**

3. अल्पाधिकार का अर्थ एवं लाक्षणिकताओं का वर्णन कीजिए । **14**

4. वितरण के सीमांत उत्पादकता सिद्धांत का वर्णन कीजिए । **14**

**अथवा**

4. रिकार्डो के विभेदीय किराए के सिद्धांत का वर्णन कीजिए । **14**

5. बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (**12** में से कोई **7**) **14**

(1) पूर्ण प्रतिस्पर्धात्मक बाज़ार में औसत आय का वक्र कैसा होता है ?

(a) $x$-अक्ष के समानांतर (b) y-अक्ष के समानांतर

(c) ऋणात्मक ढाल वाला (d) धनात्मक ढाल वाला

(2) नगण्य परिवहन खर्च किस बाज़ार की लाक्षणिकता है ?

(a) एकाधिकार (b) अल्पाधिकार

(c) पूर्ण प्रतिस्पर्धा (d) एकाधिकृत प्रतिस्पर्धा

(3) किस कालावधि में फर्मों की संख्या परिवर्तित नहीं होती हैं ?

(a) अति लम्बी
(b) छोटी
(c) मध्यम
(d) लम्बी

(4) निम्न में से किस बाज़ार की संकल्पना केवल सैद्धांतिक है ?

(a) प्रतिस्पर्धा
(b) सीमित एकाधिकार
(c) अल्पाधिकार
(d) शुद्ध एकाधिकार

(5) निम्न में से किस बाज़ार में किसी उद्योग के संतुलन का प्रश्न खड़ा नहीं होता है ?

(a) पूर्ण प्रतिस्पर्धा
(b) एकाधिकार
(c) एकाधिकृत प्रतिस्पर्धा
(d) अपूर्ण प्रतिस्पर्धा

(6) किसी एकाधिकारी फर्म का माँग वक्र कैसा होता है ?

(a) y-अक्ष के समानांतर
(b) $x$-अक्ष के समानांतर
(c) ऋणात्मक ढाल वाला
(d) धनात्मक ढाल वाला

(7) किस प्रकार के बाज़ार में फर्म का माल–सामान की कीमत पर अधिक नियंत्रण होता है ?

(a) एकाधिकार
(b) पूर्ण प्रतिस्पर्धा
(c) एकाधिकृत प्रतिस्पर्धा
(d) अल्पाधिकार

(8) एकाधिकृत प्रतिस्पर्धा की संकल्पना किस अर्थशास्त्री ने दी है ?

(a) प्रो. चैम्बरलीन
(b) श्रीमती जॉन रॉबिन्सन
(c) प्रो. मार्शल
(d) प्रो. हिक्स

(9) किस बाज़ार का विशेष लक्षण उत्पाद विभेदीकरण है ?

(a) एकाधिकार
(b) एकाधिकृत प्रतिस्पर्धा
(c) पूर्ण प्रतिस्पर्धा
(d) अल्पाधिकार

(10) वितरण के सीमांत उत्पादकता सिद्धांत के अनुसार, दीर्घ काल में साधन द्वारा किस प्रकार का प्रतिफल प्राप्त किया जाता है ?

(a) सीमांत उत्पादकता से अधिक
(b) सीमांत उत्पादकता के समान
(c) सीमांत उत्पादकता से कम
(d) औसत उत्पादकता के समान

(11) आधुनिक सिद्धांत के अनुसार किराया कैसा होता है ?

(a) विभेदीय
(b) करारी
(c) अभाव
(d) पूर्ण

(12) किस अर्थशास्त्री द्वारा दिये गए किराए को विभेदीय किराये के रूप में दर्शाया जाता है ?

(a) रिकार्डो
(b) मार्शल
(c) मिल
(d) रॉबिन्सन